हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 3 जनवरी 2024



तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

15 मिनट में 5 किमी दौड़कर जीता सरसींवा योद्धा मिनी मैराथन 2023





## खबर संक्षेप

### नशे की हालत में मृत मिला युवक

**घरघोड़ा।** नगर के शराब दुकान के पास युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरज कुमार पाण्डे पिता बसन्त लाल पाण्डे उम्र 32 वर्ष पता सियाडिही, जिला प्रयागराज उप्र का शव दारुभट्टी के नजदीक नाली के पानी में मिला जिसकी जांच घरघोड़ा थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने मौके पर जाकर की एवं इस संबंध में मर्ग कायम किया प्रथम दृष्टया यह मामला ज्यादा नशे का लग रहा है आगे की कार्रवाई जारी है।

### छोटे व्यावसायियों के लिए पीएम स्व निधि योजना

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को कम ब्याज दर पर बैंको के माध्यम से लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे पथ विक्रेता अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने योजना से ज्यादा पथ विक्रेताओं को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मिशन प्रबंधक केदार पटेल ने बताया कि स्व निधि योजना अंतर्गत पथ विक्रेताओं को उनके व्यवसाय के लिए बैंकों के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें बैंकों द्वारा प्रथम ऋण 10 हजार रुपए, द्वितीय ऋण 20 हजार एवं तृतीय ऋण 50 हजार तक का प्रदान किया जा रहा है। व्यवसाय को ज्यादा बड़े रूप में करने के लिए डे एनयूएल अंतर्गत व्यवसाय किए जाने हेतु अधिकतम 2 लाख तक ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। हितग्राही स्व निधि योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की अधिक जानकारी के लिए डे एनयूएलएम शाखा निगम में संपर्क कर सकते हैं।

### बीकानेर और शालीमार में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20471/20472 बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा बीकानेर से 07,14,21 व 28 जनवरी को एवं पुरी से 10,17,24 व 31 जनवरी 2024 को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 20971/20972 उदयपुर, शालीमार,उदयपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा उदयपुर से 06,13,20 व 27 जनवरी को एवं शालीमार से 07,14,21 व 28 जनवरी 2024 को उपलब्ध रहेगी।

### सारंगढ़ कलेक्टर ने की विभागीय समीक्षा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बैठक में खाद्य अधिकारी से जिले में पेट्रोल डीजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि सतत निगरानी करते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यवाही के निर्देश दिए। डॉ. सिद्दीकी ने धान खरीदी, उठाव और एफसीआई और खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम के भंडारण के लिए भेजे जाने वाले धान के संबंध में लक्ष्य और कार्यों के संबंध में खाद्य अधिकारी श्री ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यासनारायण साहू से जानकारी ली और निर्देश दिए। अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर डॉ. सिद्दीकी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों पर वे स्वयं संज्ञान लें और कार्रवाई करें। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी विभागों द्वारा शिविर में दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में विभागवार जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी योजना का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत सभी संयुक्त विभागों को कार्यक्रम करने के लिए कहा। 26 जनवरी पर जिले की झांकी तैयारी, पीएम जनमन समेत केंद्रीय योजनाओं के नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं।

# रामलला दर्शन के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन, रेलवे ने शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए छग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रायपुर व बिलासपुर से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेनें संचालित करने का निर्णय किया है। इससे रामलला के दर्शन करने वाले भक्तों को बड़ी राहत मिलेगी। फरवरी से मार्च के बीच चलने वाली इस स्पेशल ट्रेन से एक फेरे मे करीब दो हजार यात्री अयोध्या दर्शन के लिए पंहुचेंगें। अयोध्या मे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को ठहराने के लिए सर्वसुविधा युक्त टेंट सिटी का निर्माण किया गया है। दरअसल राममंदिर का भव्य उद्घाटन 22 जनवरी को होगा। समारोह में शामिल होने वाले लोगों को आवाजाही में परेशानी नहीं हो इसके लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन 22 जनवरी के बाद शुरू होगा। इन ट्रेनों को दो श्रेणी में बांटा गया है। पहली श्रेणी में उन ट्रेनों को शामिल किया गया है जो 22 जनवरी से 15 फरवरी तक संचालित होंगी। इनमें से ज्यादातर ट्रेनों के एक या दो फेरे संचालित होंगे। दूसरी श्रेणी में 7 ट्रेनों को शामिल किया गया है। ये ट्रेनें अप्रैल के शुरुआत तक दौड़ेंगी। जरूरत के मुताबिक इनके संचालन अवधि में भी विस्तार किया जा सकता है।




### 30 फीसदी तक ज्यादा किराया

अयोध्या स्पेशल का किराया अन्य ट्रेनों की तुलना में ज्यादा होगा। रेलवे नियमों के अनुसार स्पेशल ट्रेन व सामान्य ट्रेन के किराए में करीब 30 फीसदी तक अंतर होता है। ट्रेनों में भीड़भाड़ से बचने के लिए लोगों ने फ्लाइट की बुकिंग करवाना भी शुरू कर दिया है। प्लेन में फिलहाल रियायती दर पर आयोध्या यात्रा की बुकिंग हो रही है। जल्द ही किराया बढ़ने की संभावना है।

### जल्द जारी होगा शेड्यूल

अधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड को शिड्यूल बनाकर भेज दिया गया है। जल्द ही किराया सूची और स्पेशल ट्रेनों का शिड्यूल जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न शहरों से यात्री ट्रेनों में रिजर्वेशन करवा सकेंगे। स्पेशल ट्रेन रायपुर व बिलासपुर से अयोध्याधाम के लिए रवाना होंगीं। रेलवे के मुताबिक कुछ अन्य जिलों से भी अयोध्या स्पेशल ट्रेन चलाई जा सकती हैं।

## नए कानून का धान उठाव पर भी असर, अधिकतर केन्द्रों में धान जाम

# ट्रांसपोर्टिंग रुकने से शहर में बढ़ी समस्या, हर वर्ग परेशान







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हिट एंड रन कानून को लेकर किए गए बदलाव व सजा के प्रावधान के विरोध में मंगलवार को भी ट्रक चालकों ने हड़ताल जारी रखा। इसका असर धान उठाव पर देखने को मिल रहा है, अधिकतर खरीदी केन्द्रों में लिमिट से ज्यादा धान जाम हो चुका है। वहीं दूसरी ओर पेट्रोल व डीजल के टैंकर शहर में नहीं पहुंचने के कारण शहर के सभी पेट्रोल पंप ड्राय हो चुके हैं।

इसी बीच मंगलवार की दोपहर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ ड्राइवर यूनियर के जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें उन्हें इस नियम के बारे में बताया गया, वहीं हड़ताल के दौरान वाहनों को नहीं रोकने की समझाइश दी गई। हालांकि केन्द्र स्तर पर चालक संघ के निर्णय के आधार पर आगे का फैसला लिए जाने की बात कही जा रही है, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगा। आज हड़ताल का अंतिम दिन है, आज ड्राइवरों की बैठक के बाद ही अंतिम निर्णय होने के बाद आगे स्थिति स्पष्ट होगी। गौरतलब है कि संसद में केन्द्र सरकार ने नया हिट एंड रन कानून लागू किया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संसोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी चालक पर 7 लाख रूपए तक जुर्माना और 10 वर्ष तक कैद का प्रावधान किया गया है। इसी कानून का विरोध अब ट्रक चालक यूनियन सहित तमाम ट्रक चालकों द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को भी यह हड़ताल जारी रहा। इस दौरान जिले में करीब 10 हजार ट्रकों व बसों सहित टैक्सी आदि के पहिए थमे रहे। मंगलवार की दोपहर को वाहन चालकों सहित अधिकारियों की एक बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गई थी। इस बैठक में वाहन चालकों को इस अधिनियम के बारे में बताया गया। वहीं चालकों को पेट्रोल व डीजल के टैंकर, सब्जी, राशन, मेडिकल सहित गैस आदि जरूरत की वस्तु के ट्रांसपोर्टिंग को प्रभावित नही करने की समझाइश दी गई है। इस दौरान वाहन चालकों ने भी इस बात को माना। हालांकि हड़ताल आज जारी रखने की बात भी गई। जबरदस्ती नहीं रोकेंगे ट्रकों को ट्रक चालको की मानें तो देश व्यापी इस हड़ताल में किसी चालक को जबरदस्ती रोका नहीं जाएगा। किंतु यदि वे स्वेच्छा से शामिल होते हैं इसमें यूनियन जवाबदेह भी नहीं होगा। अहम बात यह है कि अनिवार्य वस्तुओं की ट्रांसपोर्टिंग करने वाले ट्रक भी मंगलवार को गंतव्य तक नहीं पहुंचे हैं क्योंकि कई वाहन चालकों ने ट्रकों को वाहन मालिक के यहां खड़े कर चाबी उन्हे सौंप दिया है।

### धान खरीदी केन्द्र में जगह की कमी

मंगलवार को हरिभूमि की टीम ने धनागर, कोतरा, नंदेली व गोर्रा आदि धान खरीदी केन्द्रों की स्थिति जानने के लिए पहुंची। जहां पता चला कि धान की आवक तो बढ़ गई, लेकिन उठाव के लिए वाहन नहीं आए। वाहन चालकों की हड़ताल की वजह से ट्रक धान खरीदी केन्द्रों तक नहीं पहुंच सकें हैं। ऐसे में लगभग तमाम धान खरीदी केन्द्रों में धान जाम हो चुका है। कई खरीदी केन्द्रों में तो इन्हें रखने की जगह की भी अब दिक्कत होने लगी। ऐसी स्थिति में किसानों सहित समिति प्रबंधकों को भी धान को सुरक्षित रखने को लेकर चिंता सताने लगी है।

### खाद्य विभाग को सर्तक रहने के निर्देश

जानकारी के अनुसार जिले में पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य सामाग्रियों की उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर सर्तक रहने के लिए निर्देशित किया गया है। आवश्यक वस्तु की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न हो इसे लेकर सतर्क रहने को कहा गया है। जरुरी सेवाओं की आपूर्ति बाधित करने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### बस स्टैण्ड में छाई वीरानी

वाहन चालकों की हड़ताल का असर बसों पर भी देखने को मिला। शहर केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड व सारंगढ़ बस स्टैण्ड लगभग खाली ही नजर आए। बसें खडी कर चालक हड़ताल पर चले गए थे। यात्रियों को इधर उधर भटकते देखा गया। गिने चुने बसों को छोड़ कर ज्यादातर बसें खड़ी ही नजर आईं। कई यात्री दूसरे साधन का इंतजार करते रहे तो कई वापस लौट गए।



### पेट्रोल पंप खाली, सब्जियों की बढ़ी कीमत

जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर में स्थित सभी पेट्रोल पंप ड्राय हो गए। वहीं इससे पहले कुछ पेट्रोल जहां पेट्रोल व डीजल का स्टॉक बचा था, वहां काफी लंबी कतार देखने को मिली। इसके अलावा सब्जी, राशन, फल की गाड़ियां भी नहीं पहुंची। ऐसी स्थिति में इनकी कीमतों में भी 20 से 40 रूपए तक का उछाई देखने को मिला। फल व सब्जी विक्रेताओं की माने तो यदि गाड़ियां बुधवार की शाम तक नहीं आती हैं तो कीमतों में और अधिक इजाफा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# सीएम की वीसी में शामिल हुए सारंगढ़ कलेक्टर व एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक में छत्तीसगढ़ के कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, अन्य जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी एवं एसपी आशुतोष सिंह शामिल हुए।

बैठक की शुरूआत में मुख्यमंत्री श्री साय ने बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, कोरबा, सूरजपुर के कलेक्टरों से वाहन चालकों द्वारा किए जा रहे हड़ताल के संबंध में जिले के लिए उपयोगी पेट्रोल डीजल, दवा, राशन, सब्जी, दूध और कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन और जिला प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत के संसद ने दुर्घटना की रोकथाम, लापरवाही से और नशे की हालत में ड्राइविंग को रोकने के लिए कानून बनाया है। जिसके बारे में किसी भी वाहन चालक को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता की बुनियादी आवश्यकता पेट्रोल डीजल, दवा, राशन, सब्जी, दूध के सुचारू संचालन के लिए जिला और पुलिस प्रशासन हड़तालियों को आवश्यक समझाईश दें। जिले में शांतिपूर्ण सामान्य वातावरण सतत चलती रहे। पुलिस लगातार गश्त करें। कोई कानून का उल्लंघन नही करें। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के पेट्रोल डीजल के आपूर्ति के अफवाह में नहीं आए। जरूरत के अनुसार पेट्रोल डीजल वाहन में रखें। अफवाह के कारण घर में अनावश्यक भंडारण नहीं रखे। जिले में सामान्य रूप से पेट्रोल डीजल की उपलब्धता के लिए जिला प्रशासन सभी पेट्रोल पंप संचालकोंए डिपो आदि का लगातार निगरानी करते हुए व्यवस्था किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि कोई भी नागरिक कानून का उल्लंघन नहीं करें। किसी भी व्यक्ति या वाहन को सड़क में जाते हुए नहीं रोकें, अनावश्यक बाधा उत्पन्न नहीं करें। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति या समूह के विरूद्ध पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

### जयरामनगर फाटक दो दिन के लिए होगा बंद

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जयरामनगर स्टेशन यार्ड में स्थित मानव सहित समपार जयरामनगर फाटक में बेहतर सड़क यातायात सुविधा हेतु कंक्रीटिंग कर मरम्मत का कार्य 4 जनवरी गुरुवार सुबह 10 बजे से 6 जनवरी शनिवार सुबह 10 बजे तक किया जाएगा द्य इसके फलस्वरूप यह फाटक उपरोक्त तिथि में सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग परसदा फाटक व पाराघाट से उपलब्ध है। कंक्रीटिंग के साथ मरम्मत कार्य पूर्ण होने से फाटक पर सड़क आवागमन सुलभ हो पाएगा। जिसका लाभ आमजनों को प्राप्त होगा।

# टीआरसी की आड़ में चल रहा गोरखधंधा कई जिलों में मिलीभगत का खेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

परिवहन विभाग में नियमों से खेल के जरिए सरकार को हर महीने लाखों की चपत लगाई जा रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की वजह से जिले और प्रदेश में कई वाहन डीलर अस्थायी पंजीयन प्रमाण पत्र टीआरसी देकर वाहन बेच रहे है।

टीआरसी स्लिप की आड़ में कॉमर्शियल वाहनों से छह माह तक कोई पंजीयन भी नहीं कराया जा रहा और सरपट सड़क पर दौड़ाए जा रहे है। इससे विभाग को सीधे तौर पर राजस्व का नुकसान हो रहा है। परिवहन विभाग की जांच मे खनिज परिवहन मे जब्त कुछ वाहनों मे इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। जिसके बाद डीलर्स का ट्रेड निलंबन करने की अनुशंसा भी की गई है। टेम्परेरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिके टीआरसी की मदद से डंपर बिना पंजीयनए नंबर प्लेट व टैक्स के चल रहा है, जिससे सरकार को टैक्स की चपत लग रही है। बड़ा सवाल यह है कि यदि इन डंपरों से कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### विभाग की मंशा पर उठ रहे सवाल

सूत्रों के मुताबिक परिवहन विभाग डीलर्स को खुली छूट दे रहे हैं। इससे कि डीलर नियमों के खिलाफ जाकर बिना पंजीयन व बिना टैक्स जमा किए टीआरसी की आड़ में धड़ल्ले से कॉमर्शियल वाहन बेच रहे हैं। इनकी जांच भी कई बार माईनिंग विभाग की जब्ती कार्रवाई के दौरान कागज चेकिंग मे होती है। जिसके बाद प्रकरण आरटीओ मे आता है और यहां कार्रवाई के बजाय लीपापोती हो जाती है।

### न ट्रेड निलंबन कर रहे ना जुर्माना वसूल रहे

नियमों के अनुसार वाहन डीलर की ओर से टीआरसी अन्य राज्य में नंबर पंजीयन करवाने के लिए ही दी जा सकती है। गौरतलब है कि एक साल पहले भी बिना रजिस्ट्रेशन व टैक्स के एक गाड़ी जब्त की गई थी, जिसका टैक्स तो दूसरे दिन ही जमा करवा दिया गया था। इसके बाद भी वाहन डीलर का ट्रेड निलंबन का कार्य अभी तक नहीं हुआ है। गौरतलब है कि प्रदेश में एक भी वाहन डीलर का ट्रेड निलंबन नहीं हुआ है। वहीं टैक्स का 15 गुना जुर्माना भी नहीं वसूला जाता है।

### ये बोले जिम्मेदार

डीलर टीआरसी देकर वाहन बेच रहे हैं तो जांच कराकर कार्रवाई करवाएंगे।

- दुष्यंत रायस्थ
जिला परिवहन अधिकारी

## सड़क सफाई और रौशनी की सुविधा दुरुस्त करने की मांग

# मकर संक्रांति मेले में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया




जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पोरथ धाम में मकर संक्रांति मेला को लेकर पुलह ऋषि आश्रम भागवत समिति के द्वारा जिला प्रशासन से मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत सरिया तहसील के महानदी के तट पर स्थित ग्राम पोरथ में वर्षों से मकर संक्रांति पर मेला का आयोजन होता है। उक्त आयोजन 7 से 15 जनवरी तक होने पर श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं से जूझना पड़ता है। इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित पुलह ऋषि आश्रम भागवत समिति के द्वारा कलेक्टर सारंगढ़, क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र देकर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा पाठ के साथ मेला में पहुंचते हैं। मकर संक्रांति स्नान के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए यहां ग्राम परसरामपुर से पोरथ तक सड़क किनारे की खरपतवारों की साफ-सफाई, सड़क की मरम्मत, बिजली एवं मेरा स्थल पर महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए प्रसाधन की अलग-अलग व्यवस्था की मांग की है। स्वयंभू शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए मेला स्थल परिवर्तन करने की भी मांग की गई है। साथ ही साथ महानदी स्नान घाट पर मोटर बोट एवं गोताखोरों की टीम लगाने की मांग की है। यहाँ आने वाले श्रद्धालु छत्तीसगढ़ शासन से मांग क्या है कि पराठ धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। यहां दूरदराज से बड़ी संख्या में लोग भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर महानदी में नौका विहार का भी लुफ्त उठाते हैं। छत्तीसगढ़ की गंगा माने जाने वाले चित्रोत्पला महानदीए केलो नदी, व मांड नदी का संगम स्थल पोरथ में होने पर तीर्थ स्थल के रूप में मान्यता है। तथा यहां बड़ी संख्या में लोग अस्थि प्रवाह के लिए पहुंचते हैं। यहां श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की अस्थि प्रवाह भी किया गया था तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। इसकी समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं सौंदर्य करण की मांग की गई है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन ने की आत्महत्या

**लॉस एंजेलिस।** हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन का निधन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निधन की पुष्टि कथित तौर पर पूर्व पति केनेथ लो ने की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोयला जलाने के बाद बोनी लाई बेहोश हो गई और कुछ देर बाद धुएं के कारण उनकी मौत हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को उनके



आवास पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 'यंग एंड डेंजरस 3' एक्ट्रेस ने पहले कथित तौर पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाया था, जिसके बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। डॉक्टरों ने इस मामले को आत्महत्या का मामला बताया है। लाई सुक यिन ने अपनी मौत से एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाते हुए एक तस्वीर भी साझा की थी। इसमें उनके पति और बच्चे दोनों साथ नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि मौत से दो हफ्ते पहले वह अपने पूर्व पति से मिलने आई थीं और पिछले 20 साल से डिप्रेशन से जूझ रही थीं। 1995 में मिस एशिया प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर उभरने के बाद, लाई सुक-यिन ने वैम्पायर एक्सपर्ट II, यंग एंड डेंजरस 3 और लीगल अफेयर्स में अभिनय किया। उन्होंने 1998 में केनेथ लो से शादी की, जिनसे उनके दो बेटे हुए। 2006 में दोनों अलग हो गए और 2007 में लाई ने कॉस्मेटिक सर्जन एंगस हुई ची-चिंग से शादी कर ली। लाई और एंगस हुई ची-चिंग के दो बेटे हैं।

### टॉलीवुड


## ओटीटी पर धमाल मचाएंगी हॉय नन्ना, 4 जनवरी को होगी स्ट्रीम



**चेन्नई।** साउथ फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। मृणाल और नानी की फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस कर रही है। खबर के मुताबिक, इस फैमिली ड्रामा ने 21 दिनों में करीब 46 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। खैर, अगर आपने सिनेमाघरों में फिल्म मिस कर दी है तो आप ओटीटी पर भी इसका मजा ले सकते हैं। 'हाय नन्ना' ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म को 4 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इसे हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में ओटीटी पर देख सकते हैं। एक रोमांटिक कहानी होने के अलावा, 'है नन्ना' एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को भी खूबसूरती से दर्शाती है। विराज (नानी) एक पेशेवर फोटोग्राफर है और अपनी बेटी माही (कियारा) को अकेले ही पालता है। माही यह जानने के लिए बेताब है कि उसकी मां कौन है? लेकिन विराज हमेशा इस सवाल को नजरअंदाज कर देता है। आखिरकार वह यशना (मृणाल ठाकुर) से मिलने के बाद उसे माही की असली मां के बारे में बताता है। इस तेलुगु पारिवारिक ड्रामा में मृणाल ठाकुर और नानी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में मृणाल और नानी के अलावा बाल कलाकार कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकार सहायक भूमिकाओं में नजर आए।

### भोजपुरी

## पैसों की दिक्कत के कारण कभी दूध बचते थे खेसारीलाल



**पटना।** खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक हैं। भोजपुरी जगत में उनकी गिनती हाईएस्ट पेड एक्टर्स में होती है। उन्होंने कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर किया है लेकिन एक वक्त था जब उनके पास पैसों की काफी दिक्कत थी। दरअसल, एक्टिंग में कदम रखने से पहले वो लिट्टी चोखा बेचा करते थे. इसका खुलासा उन्होंने खुद एक शो पर किया। खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है।एक शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे।

## लाइफ स्टाइल

### एथनिक ट्रेडिशनल लुक

शमा सिकंदर अपने स्टाइल से फैंस को इंप्रेस करती रहती हैं। ये कहना गलत नहीं होगा की शमा टीवी की दुनिया की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। शमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस हर दिन अपनी नई-नई तस्वीरों से फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। वो कभी अपने बोल्ड लुक से तो कभी ट्रेडिशनल लुक से होश उड़ाती रहती हैं। शमा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीर शेयर की हैं। ट्रेडिशनल लुक में वो सिंपल तो लग रही पर बला की खूबसूरत भी लग रही हैं।



## ऊनी कपड़ों से है एलर्जी, बचने के लिए ये टिप्स करें फॉलो

सर्दियों में अक्सर कई लोगों को शिकायत होती है कि ऊनी कपड़ों से उनकी स्किन पर दाने, रैशेज और खुजली की समस्या हो जाती है। दरअसल कुछ लोगों की स्किन काफी सेंसिटिव होती है तो कभी-कभी ज्यादा ड्राइनेस की वजह से वुलेन से एलर्जी हो सकती है। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए स्वेटर और शॉल जरूरी होते हैं, लेकिन कुछ लोगों को वुलेन वाले कपड़े पहनने की वजह से स्किन पर एलर्जी होने लगती है। अक्सर कई लोगों को आपने कहता सुना होगा कि गर्म कपड़े पहनने से उनकी स्किन पर लाल चकते पड़ जाते हैं या महीन दाने निकल आते हैं, जिसकी वजह से



इरिटेशन, खुजली और स्किन पर जलन होने लगती है. ऊनी कपड़े पहनते समय अगर कुछ बातों को ध्यान में रखा जाए तो इस समस्या से बचा जा सकता है।

### स्किन को वुलेन के संपर्क से बचाएं

अगर ऊनी कपड़ों की वजह से रैशेज हो जाते हैं तो सबसे पहले फुल स्लीव की कोई ऐसी टी-शर्ट या टॉप पहनें, जो कॉटन या बहुत ही मुलायम कपड़े का हो। इससे आपकी त्वचा सीधे वुलेन के संपर्क में नहीं आएगी और आपकी स्किन रैशेज से बची रहेगी।

### स्किन को हाइड्रेट रखें

सर्दियों में अपनी स्किन को हाइड्रेट रखें ताकि ड्राइनेस न हो। इसके लिए भरपूर मात्रा में पानी पीने के साथ ही रोजाना रात को जैतून के तेल या फिर कोकोनट ऑयल से हाथ-पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर अच्छी तरह से मसाज दें।

## साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए आजमाएं ये आसान तरीके

हर किसी को अपने शरीर के हिसाब से ही साड़ी का चयन करना चाहिए। आप साड़ी पहनकर महफिल में छा सकती हैं। अगर आपका फिगर पतला है तो कॉटन, फैब्रिक और टसर सिल्क की साड़ियां आप पर बहुत अच्छी लगेंगी। इन्हें पहनकर आप ज्यादा पतली नहीं दिखेंगी। वहीं, अगर आप थोड़ी मोटी हैं तो शिफॉन, क्रेप, जॉर्जेट फैब्रिक की साड़ी पहनें। इससे आप स्लिम दिखेंगी।

**साड़ी खरीदते समय लंबाई का ध्यान रखें :** साड़ी खरीदते समय उसकी लंबाई का विशेष ध्यान रखें। दरअसल, बड़े प्रिंट और चौड़े बॉर्डर वाली साड़ियां लंबाई को छोटी दिखाती हैं। अगर बहुत लंबी महिलाएं इनका इस्तेमाल करें तो उनकी लंबाई कम हो जाएगी। वहीं छोटे कद की महिलाओं को बिना बॉर्डर या पतले बॉर्डर वाली साड़ी पहननी चाहिए, जिससे उनकी हाइट थोड़ी लंबी लगेगी।



## वेस्टर्न हो या एथनिक फुटवियर बनाएंगे स्मार्ट और स्टाइलिश




फैशन

अपने वॉर्डरोब में जूतों का कलेक्शन न सिर्फ महिलाओं को पसंद आता है बल्कि पुरुषों को भी पसंद आता है। लेकिन एक समस्या जो दोनों में देखी जाती है वह है कि हर मौके पर क्या पहना जाए। जितने ज्यादा विकल्प उतना बेहतर। बात करने और सुनने में तो यह अच्छा लगता है, लेकिन असल में यह सिर्फ भ्रम पैदा करता है। आप किस तरह के जूते किस कपड़े के साथ पहन सकते हैं।

**लेदर म्यूल:** टैन, ब्लैक और ब्राउन टोन मशहूर हस्तियों के पसंदीदा शेड हैं और सबसे अच्छा फैशन स्टेटमेंट बनाते हैं। जो पुरुष जूतों पर बहुत अधिक पैसा खर्च नहीं करना चाहते हैं और एक ऐसे विकल्प की तलाश में हैं, जिसे एथनिक से लेकर कैजुअल वियर तक हर चीज के साथ पहना जा सके। खच्चर उनके लिए सर्वोत्तम हैं।

**फ्यूजन लोफर्स:** मुलायम चमड़े से बने लोफर्स लगभग सभी मौसमों में पहनने के लिए सबसे अच्छे होते हैं। मोकासिन जूते बंद जूते हैं और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। यह आपके सामान्य चमड़े के जूतों की तुलना में एक स्मार्ट विकल्प है। आप इन्हें स्मार्ट सेमी-फॉर्मल या फॉर्मल लुक के साथ पेयर कर सकते हैं। लोफ़र्स विभिन्न डिज़ाइनों और रंगों जैसे मैरून, नीले और मैरून में उपलब्ध हैं।





**स्यूड चाका:** हाल के वर्षों में चाका की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई है। ये गोल, मुलायम और टखने तक लंबाई वाले होते हैं। इस पर ज्यादा सजावट नहीं है। ये स्नीकर्स का परफेक्ट विकल्प हो सकते हैं और इनका टेक्सचर भी काफी अच्छा होता है। इसे चमड़े या स्पोर्ट्स जैकेट, जींस और पोलो शर्ट के साथ पहनें।

**कोल्हापुरी चप्पल:** पारंपरिक कपड़ों के साथ पहनने के लिए कोल्हापुरी चप्पलें बेस्ट ऑप्शन हैं। चाहे आप कुर्ता या शेरवानी पहनें या फिर धोती के साथ भी इन्हें पहन सकते हैं। आराम के लिहाज से भी ये अच्छे हैं। कई शैलियों और रंगों में भी उपलब्ध है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन्हें रोजमर्रा के कपड़ों के साथ और यहां तक कि पार्टियों में भी पहना जा सकता है। वे टिकाऊ होते हैं और वर्षों तक चलते हैं।

## स्किन टोन के हिसाब से चुनें नेल पालिश, खूबसूरती में लगेंगे चार चांद


*अगर लुक में सबकुछ परफेक्ट हो, लेकिन नेल पेंट सही न लगे, तो पूरी अपीयरेंस पर इसका असर पड़ता है। लेकिन मेकअप के साथ ही अगर नेल पॉलिश भी आप स्किन टोन के हिसाब से चुनेंगी, तो ये आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगा देगा।*

### फेयर स्किन के लिए

अगर आपका रंग गोरा है और आपको लगता है कि आप पर तो सभी कुछ फबेगा, तो ऐसा बिलकुल नहीं है। फेयर कलर वाली लेडीज को सॉफ्ट बेरी और ब्लू अंडरटोन के साथ वाइन रेड, डस्टी रोज, पारदर्शी, शाइनी पिंक जैसे कलर अपने नेल्स पर कैरी करने चाहिए। इसमें आपके हाथ बेहद क्लासिक लगेंगे।

### गेहुंए रंग के लिए

अगर आपकी स्किन गेहुंए रंग की है, तो गहरे या रोजी पिंक, प्लम, बेरीज या डीप



ब्राउन रेड कलर बढ़िया आपके नाखुनों के लिए बढ़िया रहेगा। आपकी स्किन टोन पर स्काई ब्लू कलर काफी खूबसूरत लगेगा। इसके अलावा कॉफी या चॉकलेट से मिलते हुए कलर भी काफी खूबसूरत दिखेंगे।

### सांवली रंगत के लिए


आपकी स्किन डार्क है, तो ब्राउन का कोई भी शेड आप पर अच्छा लगेगा। शीयर, शिमर लाइट ब्राउन से कॉफी टोन तक सब अच्छे लगेंगे। आप इनमें से कोई कलर अपने नेल्स के लिए चुन सकते हैं।

### इस बात का भी रखें ख्याल

ज्यादा पीलापन लिए ब्राउन नेलपेंट या येलो अंडरटोन न लगाएं वरना लगेगा कि आप सिगरेट ज्यादा पीती हैं। डार्क रेड सुंदर लगते हैं लेकिन अगर आपकी स्किन पीलापन लिए है, तो रेड में ब्लू अंडरटोन चुनें।

## अगर ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में शामिल करें नट्स और सीड्स

महिलाएं हो या पुरुष ज्यादातर लोग चाहते हैं कि उनकी स्किन ग्लोइंग बनी रहे। चमकता चेहरा आपको भीड़ से अलग कर देता है। चेहरे को चमकाने के लिए ज्यादातर महिलाएं मेकअप तो कुछ नेचुरल टिप्स को अपनाती हैं। इनसे चेहरे पर चमक तो आती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से चेहरे की रंगत उड़ जाती है। ऐसे में अगर आप ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में कुछ फूड्स को शामिल कर लें। ये फूड्स लगाने की जगह खाने से ही आपकी त्वचा खिल उठेगी।



### नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना

नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना माने जाते हैं। इन्हें आप किसी भी समय कच्चा या फिर पानी में भिगोकर खा सकते हैं। आप चाहे तो इन्हें हल्वा से लेकर दलिया या फ्रूट सलाद के साथ भी खा सकते हैं। इन्हें खाने से सेहत अंदर से बूस्ट होती है। इम्यूनिटी स्ट्रोंग होती है। साथ ही नट्स और सीड्स में मिलने वाले पोषक तत्व स्किन को भी हेल्दी बनाएं रखते हैं। इससे स्किन की समस्याएं खत्म होती है और ग्लो करती है।

### शकरकंद खाना कर दें शुरू

शकरकंद सेहत के साथ ही स्किन को हेल्दी बनाएं रखने के लिए बेहतरीन फूड है। इसमें बीटा केरोटीन से लेकर विटामिन ए भरपूर मात्रा में मिलता है। यह सर्दियों का सुपरफूड है, जिसे खाने में शामिल करके आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी। यह एक ऐसा फूड है,जिसे आप बिना तेल में पकाएं भी खा सकते हैं। यह डायबिटीज मरीजों के लिए मीठे की क्रेविंग को शांत रखता है और ब्लड शुगर लेवल भी नहीं बढ़ने देता।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी सब्जियों में आपकी बॉडी में पावर बूस्ट करने के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इन सब्जियों में विटामिन ए से लेकर सी, मिनरल्स और फाइबर मिलते हैं। इससे पाचन शक्ति तो बूस्ट होती ही है। स्किन भी हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। अगर आप किसी तरह की स्किन डिजीज से जूझ रहे हैं तो हरी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं

## पुरानी साड़ियों से तैयार करें नया आउटफिट

जब किसी शादी या पार्टी में जाना होता है तो लड़कियों के सामने सबसे पहली समस्या यह आती है कि उनके पास पार्टी में जाने के लिए कपड़े नहीं होते हैं। वे हर प्रदर्शन के लिए कुछ नया चाहती हैं। इसलिए, पहले खरीदे गए सभी कपड़े कोठरी में रहते हैं और उपयोग में नहीं आते हैं, जिसमें पुरानी साड़ियों के लिए एक अलग गोदाम होता है। अगर आपका भी कुछ ऐसा ही हाल है तो आप पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं जो पहनने पर बिल्कुल खूबसूरत और नई लगेंगी। आइए जानें...

### अनारकली सूट

*आप अपनी किसी भी पुरानी साड़ी से अनारकली सूट बना सकती हैं, इससे आपकी पुरानी साड़ी भी लग जाएगी और नया आउटफिट भी तैयार हो जाएगा। बस इस बात का ध्यान रखें कि साड़ी थोड़ी भारी होनी चाहिए ताकि सूट थोड़ा गोलाकार और सुंदर दिखे।*

### स्कॉटिश स्कर्ट

*अगर आपके घर में आपकी मां या दादी की कोई पुरानी और खूबसूरत साड़ी है तो आप उससे भी लहंगा बना सकती हैं। बस इसके लिए आपको शिफॉन या बनारसी साड़ी में से किसी एक का चयन करना होगा क्योंकि किसी अन्य फैब्रिक से बना लहंगा अच्छा नहीं लगेगा।*



**शरारा** *आजकल हर लड़की शरारा ट्रेंड को फॉलो कर रही है। अगर आपके पास बहुत वर्क वाली साड़ी है तो आप उस साड़ी से शरारा बना सकती हैं। जिसे आप किसी भी क्रॉप टॉप या कुर्ती के साथ पहन सकती हैं।*

### लहंगा

यह ड्रेस आजकल काफी ट्रेंड में है और बाजार से खरीदने पर काफी महंगी भी है लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप इसे पुरानी साड़ी के साथ भी बना सकती हैं। एक बार पूरा हो जाने पर यह बहुत सुंदर होगा। अगर आपके पास सिंपल साड़ी है तो आप उस साड़ी से रोजाना पहनने के लिए सिंपल कुर्ती बना सकती हैं। जो इस्तेमाल में नया और खूबसूरत लगेगा। कुर्ती के अलावा आप शॉर्ट कुर्ती, टॉप आदि भी बनवा सकती हैं।



# हिरानी अब 'मुन्नाभाई 3' की स्क्रिप्ट पर कर रहे काम...

**मुंबई।** राजकुमार हिरानी इन दिनों अपनी फिल्म 'डंकी' के लिए चर्चा में हैं। उनकी सफल फ्रैंचाइजी 'मुन्नाभाई' के तीसरे भाग का भी दर्शकों को इंतजार है। खबर आई थी कि तीसरे भाग का नाम 'मुन्नाभाई चले अमेरिका' होगा। अब हिरानी ने खुद 'मुन्नाभाई 3' को लेकर जानकारी दी कि वह भी यह फिल्म बनाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं भी यह फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं लंबे समय से स्क्रिप्ट को लेकर जूझ रहा हूं। मेरे पास 'मुन्नाभाई 3' के कई अधूरी स्क्रिप्ट हैं। संजू भी मुझे फोन करते रहते हैं और कहते हैं कि यह फिल्म बनाइए। उन्होंने कहा मैं और संजू किसी दिन यह फिल्म जरूर बनाएंगे।

लाइफ Style

# सनी
## अब नाम नहीं, काम को देंगी तवज्जो



सनी लियोनी अब तक कई फिल्मों में दिख चुकी हैं। पिछले कुछ समय से वह निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी को लेकर चर्चा में रहीं, जो दुनियाभर के मशहूर फिल्म महोत्सवों में शामिल हुई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सनी पिछले कुछ समय से अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ 'कोटेशन गैंग' नाम की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में सनी बोलीं, अब स्टार बनना मेरी प्राथमिकता नहीं रही। स्टारडम का लालच खत्म हो गया है और अब मैं अच्छे किरदार और कंटेंट पर ध्यान दे रही हूं। मैं किसी भी फिल्म की स्टार नहीं बनना चाहती।

उन्होंने कहा, मुझे फिल्म की लीड हीरोइन होने का ठप्पा खुद पर नहीं लगाना, बल्कि इसकी बजाय मैं फिल्म का वो हिस्सा बनना पसंद करूंगी, जिसके कुछ मायने हों और मकसद हो। अब उम्र मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा, वो 10-15 साल पहले की बात थी, जब लोग कहते थे कि अब उसकी उम्र हो गई है और उसे काम नहीं करना चाहिए या काम नहीं मिलेगा। जिन्हें पहले लगता था कि उनके दिल लद गए हैं, अब वो भी पर्दे पर दमदार वापसी कर रहे हैं। सनी के मुताबिक, 'कोटेशन गैंग' को भी उनकी फिल्म नहीं कहा जा सकता। हालांकि, इसमें उनकी भूमिका उनके लिए खास जरूर है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सनी गैंगस्टर बनी हैं। यह गुंडों के एक ऐसे गिरोह की कहानी है, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों हैं।

हॉलीवुड मसाला



# बाफ्टा जीत चुके अभिनेता नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विल्किंसन ने कुल मिलाकर 130 से अधिक फिल्म में काम किया है। उनके बेहतरीन काम के लिए उन्हें साल 2001 में पारिवारिक ड्रामा 'इन द बेडरूम' में उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार मिला था। वहीं 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म 'माइकल क्लेटन' में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था। वहीं 2008 की मिनी-सीरीज जॉन एडम्स में अमेरिकी राजनीतिक व्यक्ति बेंजामिन फ्रैंकलिन की भूमिका निभाने के लिए एमी और द केनेडीज में जॉन एफ कैनेडी के पिता जो की भूमिका के लिए एमी नामांकन भी अर्जित किया।



# परिवार के साथ मनाया क्रिसमस फिर अजीब तरीके से की आत्महत्या

**हांगकांग।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब एक बुरी खबर सामने आई है। हांगकांग की लोकप्रिय अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन की अचानक आई मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। एक्ट्रेस ने अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाने के एक दिन बाद 26 दिसंबर को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि 47 वर्षीय एक्ट्रेस को उसके चार बेटों में से एक ने कमरे में बेहोश पाया, जिसके बाद एक्ट्रेस को अस्पताल ले जाया गया। सामने आई कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्ट्रेस ने अपने कमरे में लकड़ी का कोयला जलाया और उसके धुएं से दम घुटने से उसकी मौत हुई। कहा जा रहा है कि ऐसा उसने अंजाने में नहीं बल्कि आत्महत्या करने के लिए किया। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यिन ने अपनी जान लेने से पहले अपने पति डॉ. एंगस हुई को भेजे एक संदेश में एक्ट्रेस ने कहा था कि वह अगले जन्म में अपने पति से मिलेंगी।



# जिंदगी बस गुजरता हुआ एक दौर...

**मुंबई।** कंगना रनौत इस साल भी बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार रहीं। इस साल बड़े पर्दे पर उनकी फिल्मों ने ज्यादा कमाल नहीं किया, लेकिन वह लगातार चर्चा में बनी रहीं। बड़ी फिल्मी हस्तियों पर वह लगातार कटाक्ष करती रहीं। इस साल उनकी राजनीति में आने की चर्चा ने भी जोर पकड़ा था। उन्होंने बीते साल से मिली सीख के बारे में बताया। कंगना ने कहा कि जिंदगी बस एक गुजरता हुआ दौर है। हमें यह बात समझनी चाहिए। बता दें कि इस साल कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होगी। यह फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की घटना पर आधारित होगी। फिल्म में वह इंदिरा के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी जैसे सितारे नजर आएंगे।



# फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित फिल्म, देवरा के निर्माताओं ने एक धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें एनटीआर जूनियर कोतीव्र और उग्र लुक में दिखाया गया है। एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर कर लिखा,आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। जनवरी 8 को #देवरा की झलक आप सभी को दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता।' कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 17': निर्माताओं ने अनुराग को दिखाया घर से बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** रियलिटी 'बिग बॉस 17' जैसे-जैसे फिनाले के करीब पहुंच रहा है, वैसे-वैसे दर्शकों का रोमांच बढ़ता जा रहा है। घर के अंदर होने वाले तमाशे के अलावा हर हफ्ते होने वाले एविक्शन पर दर्शकों की खासा नजर रहती है। इस वीकेंड के वार पर घर के 2 प्रतियोगी रिंकू धवन और नील भट्ट शो से बाहर हो गए। अब नए साल के जश्न के बीच निर्माताओं ने अनुराग डोभाल को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

***घर के सदस्यों ने किया अनुराग को नॉमिनेट :*** रिंकू और नील के बाद अब जिस सदस्य का सफर शो से खत्म हो चुका है, उसका नाम अनुराग डोभाल है। वह शो से बाहर हो गए हैं। इस खबर की जानकारी 'बिग बॉस' के फैन पेज 'बिग बॉस तक' ने दी है। शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें ज्यादातर सदस्य अनुराग को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' जियो सिनेमा और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

## 'कौन बनेगा करोड़पति में सारा ने की खूब मस्ती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की चुलबुली एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी फिल्मों के अलावा अपने लाइफस्टाइल और मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे 'कौन बनेगा करोड़पति 15' में पहुंचीं, तो वहां भी अपने चिर-परिचित



अंदाज में दिखीं। उन्होंने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ खूब हंसी-ठिठोली की। 'केदारनाथ' फेम एक्ट्रेस अपनी दादी और दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के साथ रियलिटी शो के फिनाले एपिसोड में दिखीं। अमिताभ बच्चन ने हॉट सीट पर दोनों का स्वागत किया। सारा अली खान से अमिताभ बच्चन ने कहा, 'मैं आपके 'आत्मविश्वास' से प्रभावित हूं। मुझे उम्मीद है कि आप आज करोड़ों रुपये जीतेंगे और जिस खास उद्देश्य के लिए आप दोनों आज खेलेंगे, यह उसी के लिए दान किया जाएगा। सारा, सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। उनके दादा-दादी मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर हैं। सैफ और अमृता ने 2004 में अलग होने की घोषणा की थी। सैफ ने 2012 में एक्ट्रेस करीना कपूर के साथ दूसरी शादी की थी। उनके दो बेटे तैमूर और जेह हैं। काम की बात करें तो, सारा अली खान के पास 'ऐ वतन मेरे वतन', 'मेट्रो इन दिनों', जगन शक्ति का अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट और 'मर्डर मुबारक' है।

# जॉन ने मुंबई में खरीदा आलीशान बंगला

**मुंबई।** जॉन अब्राहम ने मुंबई के खार में एक आलीशान बंगला खरीदा है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, इस घर की कीमत 71 करोड़ रुपये है। यह संपत्ति लिंकिंग रोड में स्थित है, जो ग्राउंड के साथ दो मंजिल के साथ आता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉन ने 27 दिसंबर को यह समझौता किया था। इस संपत्ति का स्वामित्व पहले 81 वर्षीय प्रवीण नाथलाल शाह के पास था, जो वर्तमान में अपने परिवार संग अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहते हैं।



### मुंबई के बांद्रा में भी खरीदा आलीशान अपार्टमेंट

जॉन ने अभी तक इस खरीदारी की खबर की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले उन्होंने मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा था। उनका यह घर दो फ्लैटों को एक साथ मिलाकर दो मंजिलों पर डिजाइन किया गया है। इसमें एक निजी छत भी है, जहां से अरब सागर का नजारा दिखता है। जॉन का नाम उन अभिनेताओं में शुमार है, जो एक शानदार बिजनेसमैन भी हैं। उन्हें रियल एस्टेट में समझ रखने वाला माना जाता है।


### ये हैं जॉन की आगामी फिल्में

जॉन के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा। उन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था तो वहीं दुनियाभर में यह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रही। आने वाले दिनों में शाहरुख 'तेहरान', 'तारिक' और 'वेद' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# अक्षय व टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख आई सामने ...

*मुंबई। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' पिछले लंबे समय से चर्चा में हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में हैं। अब अक्षय ने 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर टाइगर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ अक्षय ने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं।*

***कब रिलीज होगी 'बड़े मियां छोटे मियां'?*** *: अक्षय और टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद 10 अप्रैल, 2024 के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 'सुल्तान' और 'भारत' के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी।*



## 'इंडियन पुलिस फोर्स' में सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला

# 'पंचायत 3' से लेकर 'हीरा मंडी' तक, इस साल आएंगी ये चर्चित वेब सीरीज

*मुंबई। इस साल सिनेमाघरों में कई बेहतरीन फिल्मों की धूम रही तो ओटीटी पर कई शानदार वेब सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया। 2023 में सच्ची घटनाओं पर बनीं वेब सीरीज ने लोगों को बांधकर रखा। अब जब साल गुजरने को है, तो हर क्षेत्र की तरह ही लोग मनोरंजन जगत की ओर भी उम्मीदों से देखकर रहे हैं। इस साल कई वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जो लंबे समय से चर्चा में हैं।*




**'इंडियन पुलिस फोर्स'** : 'इंडियन पुलिस फोर्स' के जरिए रोहित शेट्टी का कॉप यूनिवर्स ओटीटी पर दस्तक देने जा रहा है। यह सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी के करियर की भी पहली सीरीज है। शो में विवेक ओबेरॉय भी नजर आएंगे। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका टीजर जारी हो चुका है, जिसमें सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला है।




**'पंचायत 3'** : ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी इस वेब सीरीज के पिछले दोनों भागों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 'पंचायत 2' में सचिव जी (जितेंद्र कुमार) और पिंकी के बीच बढ़ रही नजदीकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। अब दर्शक इसके तीसरे भाग में इस प्रेम कहानी को मुकम्मल होते देखना चाहते हैं। हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। 2024 में इसका नया सीजन देखना दिलचस्प होगा।

**'मिर्जापुर 3'**: 'मिर्जापुर' ऐसी वेब सीरीज है, जिसने पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी जैसे सितारों को ओटीटी का स्टार बना दिया। अब 'मिर्जापुर 3' दर्शकों के बीच आने वाली है। शो के पिछले 2 भागों ने कालीन भइया और गुड्डु पंडित जैसे किरदारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अमेजन प्राइम वीडियो के इस शो की शूटिंग खत्म हो चुकी हैं।







**'आश्रम 4'**: 'एनिमल' में अबरार की भूमिका से पहले तक बॉबी देओल 'बाबा निराला' की भूमिका के लिए चर्चा में थे। 'आश्रम 3' के रिलीज होते ही निर्माताओं ने 'आश्रम 4' की घोषणा कर दी थी। प्रकाश झा की यह सीरीज विवादों में भी घिरी थी। इसके पिछले भागों के रोचक प्लॉट ने दर्शकों को बांधकर रखा। 2024 में 'आश्रम 4' का इंतजार है। एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' में इस किरदार में बॉबी ने ओटीटी पर अपनी अलग पैठ बनाई है।



**'हीरा मंडी'**: 'हीरा मंडी' के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी पर कदम रख रहे हैं। इस वेब सीरीज में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह जून के बाद रिलीज हो सकती है। उनकी फिल्मों की तरह ही यह वेब सीरीज भी भव्य सेट, आकर्षक कॉस्ट्यूम और चमक-दमक से भरपूर होगी।

## खबर संक्षेप

### घरघोड़ा में नए एसडीएम ने संभाला चार्ज

**घरघोड़ा।** नयी सरकार बनते ही छग सरकार ने प्रशासनिक कार्यों को जनता तक आसानी से पहुंचने के लिए और लंबे समय से जमे हुए अधिकारियों का तबादला कर प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने हेतु पूरे प्रदेश में तबादलों का दौर जारी है इसी तारतम्य में घरघोड़ा अनुविभागीय अधिकारी का तबादला किया गया है जिसमें पूर्व पदस्थ एस डी एम ऋषा सिंह की जगह रमेश मोर को घरघोड़ा एस डी एम के रूप में पदस्थ किया गया है। नए अनुविभागीय अधिकारी मोर से आज मीडिया और पत्रकार लोगों ने मुलाकात कर घरघोड़ा पदस्थापना पर बधाई दी एवं स्थानीय समस्याओं के बारे में चर्चा की गई जिस पर नव पदस्थ एसडीएम ने कहा कि उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से समस्याओं का समाधान किया जाएगा साथ ही घरघोड़ा के घटिया रोड, मुआवजा एवं बेजा कब्जा के बारे में भी सवाल करने पर अनुविभागीय अधिकारी ने कहा कि सभी मामले को विस्तार से देखकर इस पर संज्ञान लिया जाएगा।

### पुसौर में 30 फीसदी गिरा अपराध का ग्राफ

**पुसौर।** थाना पुसौर में वर्ष 2023 में कुल 303 अपराध कायम किया गया जिसमें 173 भारतीय दण्ड विधान के एवं 130 अपराध लघु अधिनियम के रहे जबकि 2022 में 427 अपराध पंजीबद्ध रहे। इस प्रकार इस वर्ष 34/30.67प्रतिशत/ अपराध में कमी आई। गंभीर अपराध अंतर्गत 6 प्रकरण रहे जिसमें 11 आरोपी गिरफ्तार है वहीं बलात्कार के 5 प्रकरणों में सभी की गिरफ्तारी हुई है। अपहरण के 4 प्रकरणों में 3 प्रकरणों में पिडिता को दस्तयाब किया गया है। शीलभंग के 2 प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। संपत्ति संबंधी अपराधों में चोरी के 12 प्रकरणों में से 4 प्रकरणों में कुल 5 आरोपियों को एवं नकबजनी के 9 प्रकरणों में 1 प्रकरण में गिरफ्तारी की जा चुकी है। धारा 41,1/4 जाफौ के 1 में 2 आरोपियों से 5 मोटर सायकिल बरामद कर कार्यवाही किया गया है। धोखाधडी के 3 प्रकरणों में 3 आरोपियो को गिरफतारी हेतु शेष 5 आरोपीयों को जनवरी 23 में पश्चिम बंगाल कोलकाता दमदम से गिरफ्तार कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण न्यायालय पेश किया गया। एमव्ही एक्ट के कुल 2292 प्रकरणों में 1955 में पुलिस द्वारा समन शुल्क एवं 207 को न्यायालय पेश किया गया। स्थायी वारंट तामिली अंतर्गत 3 को तामिल गिया गया जो ग्राम नावापारा मांड, पडिगांव एवं छिछोर उमरिया के हैं।

### सीमा व हरिओम को वैरागकर स्मृति सम्मान



**रायगढ़।** इप्टा रायगढ़ के नाट्य समारोह रंग अजय में मंगलवार को मध्यप्रदेश इप्टा के सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया को शरद चंद्र वैरागकर स्मृति रंगकर्म सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान का 13 वां वर्ष है। हर वर्ष रंगकर्म के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्ति को यह सम्मान दिया जाता है। इप्टा रायगढ़ के साथ साथ रायगढ़ की विभिन्न संस्थाओं ने भी सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इप्टा रायगढ़ के साथ सांस्कृतिक संस्था गुड़ी, रिटायर्ड बैंकर्स क्लब, साईं शरण हाउसिंग सोसाइटी, शाहिद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट, खेल संघ रायगढ़, जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा, सद्भावना सांस्कृतिक सेवा समिति, उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति, राष्ट्रीय कवि संगम एवं काव्य वाटिका, ट्रेड यूनियन कौंसिल, छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने भी सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया का सम्मान किया। इप्टा के संरक्षक मुमताज़ भारती ने सुनील चिपडे को सम्मान के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि आशा त्रिपाठी ने सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया को सम्मान देने के लिए चयन समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की। सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया ने अपने सबोधन में कहा कि वो रायगढ़ की जनता से मिले प्यार और सम्मान पाकर अभिभूत हैं।

## राज्य स्तरीय मैराथन में 130 धावकों ने लिया भाग

# 15 मिनट में 5 किमी दौड़कर जीता सरसींवा योद्धा मिनी मैराथन 2023

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसींवां में राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन तृतीय वर्ष किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरसींवां नगर पंचायत अध्यक्ष नीतीश बंजारे ने भारत माता की पूजा अर्चना कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ पेंड्रावन रोड पर आयोजित किया गया। बसस्टैंड सरसींवां में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नीतीश कुमार बंजारे थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेशम लाल कुर्रे, वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र केसरवानी, स्काउट्स जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकरलाल साहू, समाजसेवी गोपी साहू, व्यवसायी मनीष केड़िया, व्याख्याता कमलेश साहू, गोरेलाल साहू, शिवा साहू आदि उपस्थित थे।

आयोजन के संबंध में समिति के सदस्य ललित साहू ने बताया कि मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का यह लगातार तीसरा वर्ष है। इस वर्ष महिला एवं पुरुष वर्ग के अलग अलग आयु वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें अंडर 40 आयु वर्ग में 85 पुरुष प्रतिभागी एवं 25 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 20 प्रतिभागी कुल 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ को लेकर सरसींवां सहित आसपास के गांव के लोगों में भारी उत्साह रहा। प्रातः 7 बजे से ही दौड़ देखने के लिए कतार बद्ध खड़े थे। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए नीतीश बंजारे ने कहा कि नवगठित सरसींवां नगर पंचायत क्षेत्र में छग राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। खेल में जीतना जरूरी नहीं भाग लेना बड़ी बात है। आयोजक समिति के युवाओं का उत्साह को देखते हुए उन्होंने अगले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजीत करने की घोषणा की। रेशम कुर्रे ने कहा कि आयोजक समिति के युवाओं के साथ साथ धावकों के जोश और जुनून सरसींवां की सड़कों पर आज परिलक्षित हो रहा था। समारोह को मनीष केड़ियाए देवेंद्र केसरवानी ने भी संबोधित किया। इनका रहा योगदान स्काउट्स, गाइड्स पुलिस व स्वास्थ्य का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनने में। मनीष कुमार लगातार तीसरी बार विजेता पुरस्कार वितरण समारोह में जब विजेताओं के नामों की घोषणा की गई तो तालियों की आवाज से गूंज उठा।

अंडर 40 पुरुष वर्ग में लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव रतनपुर के मनीष कुमार को मिला, जिन्होंने 5 किलोमीटर की दूरी को महज 15 मिनट 17 सेकंड में तय किया। द्वितीय स्थान ओमकार वर्मा बेमेतरा, तृतीय चंद्रप्रकाश पामगढ़, चतुर्थ ईश्वर प्रसाद बलौदाबाजार, पंचम बनारसी सूरजपुर, महिला वर्ग में प्रथम प्रियंका साहू दुर्ग, द्वितीय मीरा साहू रायपुर, तृतीय प्रतिमा साहू दुर्ग, चतुर्थ भावना साहू रायपुर, पंचम स्थान मनीषा तिग्गा खमारडीह को शील्ड एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में प्रथम कदीप जांगड़े पामगढ़, द्वितीय नरेंद्र साहू सांकरा, तृतीय हरिहर बरिहा, महिला वर्ग में प्रथम नर्मदा साहू सांकरा, द्वितीय रोहिणी रोहिना, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम शिवप्रसाद बिलाईगढ़ द्वितीय सरजू प्रसाद सिमगा एवं गुलजारीलाल डंडाइडीह को पुरस्कृत किया गया।



मैराथन में शामिल होने सरसींवा पहुंचे दूर दूर के धावक।

**छत्तीसगढ़ के मिल्खा सिंह बने आकर्षण के केंद्र**

सरसीवां योद्धा मिनी मैराथन 2023 का शानदार आयोजन देखने को मिला। इस आयोजन में दूर दूर से धावक सरसीवां पहुंचकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि क्षेत्र वासियों को रोमांचित कर दिया। जब 80 वर्ष की उम्र के लोग बिस्तर पकड़ लेते हैं, उस उम्र में कोई प्रतिभागी मैराथन में भाग ले तो लोगों का आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक है। छत्तीसगढ़ के मिल्खा सिंह के नाम से मशहूर 85 वर्षीय सरजू प्रसाद ने भी युवाओं के हौसला अफजाई के लिए न सिर्फ मौराथन की दौड़ लगाई बल्कि लोगों का दिल जीत लिया।

**इन धावकों को भी मिला सम्मान**

मैराथन दौड़ में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले लोमश कुमार कुरूद, दिनेश पामगढ़, भोजराम कोट, अनिल यादव पामगढ़, असलेश सूरजपुर, अरुण सलखंड, देवप्रकाश शक्ती, भानु चंद्रा मालखरौदा, सुनील कोट, यशराज गगोरीटांड़, रोशनसिंह गोरेल्ला, करण कुमार जांजगीर, सूरज डभरा, नूतन कोरबा, दीपक धिवरा, झरना सरसीवां, जमुना पुसौर, गीतांजलि रायपुर, सरोजिनी सुखापाली, अनीता रायगढ़, शीतल पुसौर, लीना सरसीवां, पूर्णिमा पुसौर, कविता लैलूंगा, सोनाली डुरूमगढ़, अर्पिता पुसौर, अमिता रोहिना, हेमलता पीहरोद, 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के प्रतिभागी हार्दिक शर्मा डभरा एवं प्रतीक साहू सरसीवां को भी सम्मानित किया गया।




# राजीव युवा मितान क्लब को दिए 8 करोड़ का मांगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई एक और योजना पर वर्तमान भाजपा सरकार ने भौहें टेढ़ी की हैं। राजीव युवा मितान क्लब योजना के तहत युवाओं को हर साल चार किश्तों में एक लाख रुपए दिए जाने थे। अब सरकार बदली है तो हर जिले को पहले तो राशि अंतरण और व्यय पर रोक लगाने को कहा है। साथ ही व्यय की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र भी मांगे हैं।

■ क्लबों को दी गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का आदेश

युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने के नाम पर पूर्व सरकार ने राजीव युवा मितान क्लबों का गठन किया था। प्रदेश में कुल 13ए 242 राजीव युवा मितान क्लबों का गठन हुआ था। इन क्लबों को विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रत्येक तीन माह में 25 हजार रुपए के मान से सालाना एक लाख रुपए दिए जा रहे थे। योजना प्रारंभ होने से अब तक राजीव युवा मितान क्लबों को 132.48 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं, लेकिन इस राशि को कहां खर्च किया गयाए इसका कुछ भी पता नहीं है। रायगढ़ और सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में 847 युवा.मितान क्लबों को 8.47 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इसलिए अब सरकार ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर पहले तो योजना के तहत दी गई राशि के व्यय की जानकारी और उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने का आदेश दिया है। इसके बाद राशि के आगे व्यय करने पर रोक भी लगाई है।

**राशि बर्बाद हुई, कोई काम नहीं हुआ**

राजीव युवा मितान क्लबों के नाम से दी गई राशि का उपयोग कहीं भी रचनात्मक कार्यों के लिए हुआ ही नहीं। रायगढ़ और सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में 847 क्लबों को 8.47 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। अंतिम किश्त संभवतरू आचार संहिता के पहले दी गई होगीए लेकिन इस राशि का उपयोग कहां किया गयाए इसकी जानकारी देने में अफसरों के पसीने छूटेंगे।

# रामलीला मैदान का व्यावसायिक उपयोग, खिलाड़ियों ने किया विरोध



**रायगढ़।** रामलीला मैदान का व्यवसाय के विरोध में सोमवार को खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों ने एसडीएम कार्यालय व नगर निगम का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

■ खिलाड़ियों सहित खेलप्रेमियों ने एसडीएम कार्यालय व नगर निगम का किया घेराव

गौरतलब है कि रामलीला मैदान में प्रशासन ने करीब 3 माह तक हथकरघा प्रदर्शनी लगाने की अनुमति दी गई है। इसी का विरोध खिलाडियों द्वारा किया जा रहा है। खिलाड़ियों की मानें तो एक ही मैदान हैं, जिसमें वे खेलते हैं अब उसमें भी प्रशासन व्यवसायिक गतिविधियों की अनुमति दी जा रही है। सोमवार को खिलाड़ियों ने रामलीला मैदान से रैली निकाली व सड़क पर एवं नगर निगम कार्यालय में फुटबॉल खेलते हुए अपना विरोध प्रगट किया। वहीं कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर मैदान का व्यवसायी उपयोग न करने और हथकरघा प्रदर्शनी के लिए दी गयी अनुमति को निरस्त करने की मांग की। खिलाड़ियों का कहना है कि शहर में वैसे ही कोई उपयुक्त खेल मैदान नहीं है और एक मात्र मैदान है। जिसे 3 माह के लिए व्यावसायिक उपयोग को दिए जाने से वे कहाँ अभ्यास करेंगे। इस दौरान उन्होंने कि यदि इस व्यवसायिक आदेश को निरस्त नहीं किया जाता है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### अभिनव के एनएसएस शिविर का समापन

**पुसौर।** अवकाश का छात्रों द्वारा समुचित उपयोग हो साथ ही विपरीत परिस्थिति में कैसे अपने को अडिग रखना है। इस तारतम्य में पुसौर के अभिनव स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी ने शीतकालीन छुट्टी में ग्राम कर्राजोर में एनएसएस शिविर का कराया जिसमें शामिल छात्रों ने अपनी मस्ती में रहकर जहां शिविर के अनुशासन का पालन सामाजिक, शैक्षणिक और जीवन के मुल्यों को सीखा वहीं कड़कड़ाती ठंड में अपने और अपने टीम को बचाते हुए और संभव आदर्श दिनचर्या गुजारने में सफल हुए। ज्ञात हो कि शहीद नंदकुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ से संबद्ध अभिनव विद्यामंदिर पुसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर शासकीय पूव माध्यमिक शाला कर्राजोर डा. सुनील कुमार एक्का समन्वयक के निर्देशन में लगाया गया उक्त शिविर में बौद्धिक चर्चा में जिला संगठक भोजराम पटेल ने बताया कि स्वयं सेवक राष्ट्रीय सेवा योजना से अपना चरित्र निर्माण कर सकते हैं इसी कडी में हिन्दी के व्याख्याता सुधीर शर्मा नैतिकता और व्यवहारिकता का पाठ पढाया अंतिम दिवस पर सरपंच पंच एवं ग्रामीण जनों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वयं सेवक प्रस्तुत किए।

# पोरथधाम में हुआ एनएसएस कैंप आयोजन

**सरिया।** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पोरथ धाम में शासकीय शशिधर पंडा नवीन महाविद्यालय सरिया की ओर से सात दिवसीय आवासीय एन एस एस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के 25 छात्राओं ने आवासीय शिविर में रहकर नशा मुक्ति पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।

इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रमिला पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि नशे के मकड जाल से बचने के तौर तरीके और युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव व उससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशे से बहुत सी जिंदगियां तबाह होती जा रही है। अगर हमने समय रहते प्रयास नहीं किया तोए हमें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। क्योंकि नशा एक बुराई है चाहे वह, बीड़ी एसिगरेटए तंबाकू एगांजा चरस ए शराब आदि नशे युवाओं को अपनी गिरफ्तार में लेकर अनमोल जिंदगियां तबाह हो रही है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया उज्ज्वल भविष्य को बनाने के लिए अपने लक्ष्य के प्रति सचेत रहे व मेहनत और लगन से आत्मनिर्भर की ओर बढे। समाज को सही रास्ते पर चलाने में युवा वर्ग सक्षम हो जाए तो संपूर्ण समाज का कल्याण संभव है।



सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरिया तहसील के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पोरथ धाम में सात दिवसीय एनएसएस कैंप में छात्राओं ने गांव में विविध कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के कार्यक्रम अधिकारी उदय सिंह मालाकार विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना को महात्मा गांधी व स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलने की अपील की। विशेष शिविर के दौरान उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं को अपने व्यवहार और अपनी पसंद, नापसंद के साथ रुचि पूर्ण शिक्षा ग्रहण करते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी। समाज का प्रत्येक वर्ग नशे को अपना दुश्मन मानकर इससे लड़ने के लिए सामूहिक तौर पर प्रयास करें तो नशा मुक्ति समाज का निर्माण होगा और शिक्षा के साथ साथ समाज का विकास भी होगा।

### सारंगढ़ में 2500 को मिला संकल्प यात्रा का लाभ

**सारंगढ़।** सारंगढ़ के तुर्की तालाब के समीप स्थित जवाहर भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 2500 नागरिकों ने शिविर का लाभ लिया। इस अवसर पर धरती कहे पुकार थीम पर स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद प्रियंका गोस्वामी और आर बी तिवारी ने किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उनको योजनाओं से हुए लाभ को बताया गया। इस शिविर में पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान, पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, मछली पालन, कृषि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि का स्टाल लगाए गए, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण किया गया। इस शिविर में सुभाष जालान, अतिथि शिवकुमारी चौहान, चंद्रिका सिंह ठाकुर, पार्षद मयूरेश केशरवानी, अजय गोपाल, भुवनलाल मिश्रा, अनुपमा केशरवानी, पूर्णिमा मनहर, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को कौशल्या साय ने किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

अंतर्राज्जीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप तमनार 2023-24 का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय राष्ट्रीय अध्यक्ष कंवर समाज के मुख्य आतिथ्य, मुख्यमंत्री के सुपुत्र तोषेन्द्र साय के विशिष्ट आतिथ्य में विजेता कोलम भोपाल उपविजेता तमनार तृतीय विजेता बोबा 11 को पुरुस्कृत किया गया। सर्वप्रथम सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला समस्त ग्रामवासी तमनार द्वारा आयोजित करण कप स्पर्धा में पधारे अतिथियों का आतिशबाजी गाजे बाजे के साथ पुष्पगुच्छो से भव्य स्वागत किया गया।

श्रीमती कौशल्या साय ने हाई स्कूल मैदान तमनार में सांसद मद से भव्य मंच, जेएसपी फाउंडेसन जेपीएल तमनार से गैलेरी निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। श्रीमती कौशल्या साय ने खेल खिलाड़ियों व आयोजन समिति को अंतर्राज्जीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप व नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देते कहाकि खेल में हार जीत होते रहता है हमे दोनों में आनन्द लेना चाहिए। विजेता टीम धरतीमाता को नमन करें जिनके लिए तालियां बजीं और उपविजेता टीम आगे अच्छे से खेलकर विजेता बनें।

सूर्यदेव उगता है तो लाल डूबता है तो लाल रहता है हमें सुख दुख का सामना करते आगे बढ़ना है। उन्होंने 22 जनवरी को हर घर के आंगन में गोबर लिपाई कर रंगोली आरती सजाकर 5 दीप जगमग कर दीपोत्सव मनाने आग्रह किया गया। करण कप के संस्थापक विश्वास पटनायक ने छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, सुपुत्र तोषेन्द्र साय अन्य अतिथियों का पधारने व समिति द्वारा निर्विघ्न सम्पन्न कराने पर बधाई दिए। उन्होंने आगामी वर्ष हेतु मुख्यमंत्री सपरिवार को पधारने का आग्रह किया गया।

पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया ने हाई स्कूल मैदान में मंच निर्माण हेतु रायगढ़ सांसद साय द्वारा 10 लाख रुपए सौगात एवं गैलेरी निर्माण हेतु जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल तमनार द्वारा 20 लाख प्रदाय की श्रीमती कौशल्या साय के हाथों शिलान्यास करने पर आभार प्रकट करते खिलाड़ियो को राज्य व राष्ट्रीय स्तर में खेलने एवं आयोजन समिति को भव्य व बेहतर आयोजन हर साल करते रहने बधाई दी गई। मानस वक्ता गोकुलानन्द पटनायक, समाजसेवी अश्वनी पटनायक, गुरूपाल सिंह भल्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष जतिन्द्र साव द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12, 500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।